राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION,**
**BIHAR**

सत्यमेव जयते

**संचिका संख्या— प0नि0 30–67 / 2026...**3337 .......

प्रेषक,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–जिला पदाधिकारी, **बिहार।**

दिनांकः–10/08/2026

विषयः–– वर्ष 1991 की जनगणना के आधार पर वर्ष 1994–1995 में पंचायतों के परिसीमन संबंधी आंकड़ों की प्रविष्टि किये जाने के संबध में।

महाशय,

उर्पयुक्त विषयक सरकार द्वारा वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नये सिरे से पंचायतों का परिसीमन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। पंचायती राज विभाग के अधिसूचना संख्या–10745, दिनांक–20.07.2024 द्वारा पंचायतों के मुख्यालय निर्धारण / नामाकरण के संदर्भ में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गए हैं। उक्त क्रम में वर्ष 1991 की जनगणना के आधार पर वर्ष 1994–1995 में पंचायतों के परिसीमन संबंधी प्रकाशित गजट के आंकड़ों की प्रविष्टि आयोग के पोर्टल पर किया जाना है। उपरोक्त वर्ष में प्रकाशित जिला गजट पुराने प्रखंडों में सन्निहित हैं। उक्त समय के प्रखंडों का विभाजन होने एवं कई नये प्रखंडों का सृजन किये जाने के कारण **वर्तमान प्रखंडों एवं पंचायतों के स्थिति के अनुसार** राजस्व ग्रामवार जनसंख्या के आंकड़ों की ईंट्री आयोग के पोर्टल पर किया जाना है।

उक्त के निमित्त **सभी जिला पंचायत राज पदधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, जिला के आई.टी. मैनेजर, प्रखंड के आई.टी.सहायक एवं उनकी टीम के साथ दिनांक–12.08.2026 को अपराहन् 01.00 बजे से BSWAN के माध्यम** से बैठक आहूत की गई है।

निदेशानुसार अनुरोध है कि उर्पयुक्त बैठक में भाग लेने हेतु अपने स्तर से सभी जिला पंचायत राज पदधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला के आई.टी. मैनेजर, प्रखंड के आई.टी.सहायक एवं उनकी टीम को निदेशित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

सं.सं.–प0नि0–30–67 / 2026...3337 दिनांक–10/08/2026

प्रतिलिपि– सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी / सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी / सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी / सभी आई.टी. मैनेजर / सभी आई.टी. सहायक, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि ससमय बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगें।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

सं.सं.–प०नि०–30–67 / 2026...3337...... दिनांक–...10/08/2026...

प्रतिलिपि– SER टीम / BSWAN के टेक्निकल टीम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

सं.सं.–प०नि०–30–67 / 2026...3337...... दिनांक–...10/08/2026...

प्रतिलिपि–सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar@gmail.com